प्रेस सार

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

15 सितम्बर 2023

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय को "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ

राजभाषा नीति के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन हेतु भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सर्वोच्च पुरस्कार "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित कार्यक्रम में भारत के माननीय गृह राज्य मंत्री, श्री अजय कुमार मिश्रा द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय के प्रतिनिधि महानिदेशक (राजभाषा) को प्रदान किया गया। यह पुरस्कार वर्ष 2022-23 के लिए 300 से अधिक कार्मिक वाले मंत्रालय/विभाग श्रेणी में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु प्रदान किया गया है।

श्री भवानी शंकर, महानिदेशक, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय के प्रतिनिधि के रूप में पुणे में "राजभाषा कीर्ति पुरस्कार" वितरण समारोह में भारत के माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा से "प्रथम पुरस्कार" प्राप्त करते हुए।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, श्री जी.सी.मुर्मू जी के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में कार्य करने वाले सीएजी कार्यालय को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने और सर्वोच्च पुरस्कार “राजभाषा कीर्ति पुरस्कार” में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए बधाई दी। सीएजी महोदय ने पिछले वर्ष 'हिंदी पखवाड़ा 2022' में राजभाषा नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक समिति का भी गठन किया था।

हिन्दी भाषा के माध्यम से सरकारी कामकाज को करने के प्रति जागरूकता लाने तथा राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीएजी कार्यालय में **"हिन्दी पखवाड़ा 2023"** का आयोजन 14 सितम्बर 2023 से 29 सितम्बर 2023 तक किया जाएगा।

BSC/TT/76/23